रांची सोमवार
15.04.2024
मूल्य : ₹ 3
रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425
dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर



रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

## मोदी की गारंटी भारत के बाहर भी काम करती है! ईरान के कब्जे में 17 भारतियों की वापसी पर बोले जयशंकर



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को ईरान द्वारा जब्त किए गए मालवाहक जहाज एमएससी एरीज़ पर सवार 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों को वापस लाने का पूरा भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी न केवल देश के अंदर बल्कि विदेशों में भी काम करती है। विदेश मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त गारंटी है कि जब भी आप विदेश में मुसीबत में हों, भारत सरकार आपकी देखभाल के लिए मौजूद है।" जयशंकर ने कहा, "हमने इस गारंटी को यूक्रेन, सूडान में और कोविड महामारी में बार-बार करके दिखाया है।"

### ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से हुई बात

एमएससी एरीज़ पर 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई को लेकर जयशंकर ने रविवार को ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से बात की। उन्होंने कहा "हमने ईरान सरकार से कहा है कि सभी भारतीयों को रिहा किया जाए और उन्हें हिरासत में नहीं लिया जाए।"

### जयशंकर की पहली प्रथमिकता

जयशंकर ने आगे कहा कि भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने ईरान के अधिकारियों से इस मामले में राजनयिक चर्चा की है। उन्होंने कहा, "मुझे कुछ रिपोर्टें मिल रही हैं लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के अधिकारी वहां जाएं और भारतीय दल से मिलें। यह मेरे लिए पहली प्रथमिकता है।"

## दिल्ली से कांग्रेस ने तीनों सीट पर घोषित किए प्रत्याशी, मनोज तिवारी से टकराएंगे कन्हैया कुमार



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव (Lok Sabha Elections) के लिए आज अपने उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी। इसमें कुल 10 सीटों पर खड़े होने वाले प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इसी लिस्ट में दिल्ली की तीनों सीट के प्रत्याशियों के नाम भी शामिल हैं। इसमें उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल और उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है। बता दें, दिल्ली में आप और कांग्रेस एक साथ चुनाव मैदान में है। इससे पहले आप अपने चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। वहीं बीजेपी ने भी अपने सभी सातों प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं। इस तरह यह साफ हो गया है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी के सामने कन्हैया कुमार होंगे।

AICC PRESS RELEASE

LOK SABHA ELECTIONS - 2024

The Central Election Committee of the party has selected the following candidates for the ensuing elections to the Lok Sabha from the seats mentioned below:

| Sl. No. | States | No & Names of Constituencies | | Selected Candidates |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Delhi | 1 | CHANDNI CHOWK | J.P. Agarwal |
| 2 | Delhi | 2 | NORTH EAST DELHI | Kanhaiya Kumar |
| 3 | Delhi | 5 | NORTH WEST DELHI - SC | Udit Raj |
| 4 | Punjab | 2 | AMRITSAR | Gurjeet Singh Aujla |
| 5 | Punjab | 4 | JALANDHAR - SC | Charanjit Singh Channi |
| 6 | Punjab | 8 | FATEHGARH SAHIB - SC | Amar Singh |
| 7 | Punjab | 11 | BHATINDA | Jeet Mohinder Singh Sidhu |
| 8 | Punjab | 12 | SANGRUR | Sukhpal Singh Khaira |
| 9 | Punjab | 13 | PATIALA | Dr. Dharamvir Gandhi |
| 10 | Uttar Pradesh | 52 | ALLAHABAD | Ujjwal Rewati Raman Singh |

## 'हर कोई पछताएगा...' चुनावी बॉन्ड स्कीम पर बोले पीएम मोदी, ED-CBI पर भी सुनाई खरी-खरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी-सीबीआई की कार्रवाई से लेकर इलेक्टॉरल बॉन्ड पर खुलकर जवाब दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी प्रतिबद्धता है...कई लोगों ने समिति को अपने सुझाव दिए हैं। बहुत सकारात्मक और नवोन्मेषी सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा।" राम मंदिर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "इस मुद्दे का राजनीतिकरण किसने किया?...वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस मुद्दे को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया और बार-बार इसे भड़काया गया। जब यह मामला अदालत में चल रहा था तब कोशिश की गई कि फैसला ना आए...उनके(विपक्ष) लिए यह एक राजनीतिक हथियार था...अब राम मंदिर बन गया तो उनके हाथ से यह मुद्दा ही चला गया है..."

# तिहाड़ जेल में CM केजरीवाल से मुलाकात के बाद भावुक हुए पंजाब के मुख्यमंत्री मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा, 'यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं। उनकी गलती क्या है? उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो। पीएम मोदी क्या चाहते हैं? अरविंद केजरीवाल जो 'कट्टर ईमानदार' हैं, जिन्होंने पारदर्शिता की राजनीति शुरू की और भाजपा की राजनीति खत्म की, उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। मान ने कहा, 'जब मैंने पूछा कि वह कैसा काम कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ, मुझे बताओ कि पंजाब में चीजें कैसे चल रही हैं? क्योंकि हम 'काम' की राजनीति करते हैं। आप एक अनुशासित समूह है, हम सभी एक साथ हैं और खड़े हैं अरविंद केजरीवाल के साथ दृढ़ रहें। जब चार जून को नतीजे घोषित होंगे, तो आम आदमी पार्टी एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी।'

## रामनवमी पर मंडरा रहा कोरोना का खतरा,विदेशी श्रद्धालुओं पर होगी खास नजर



अरामनगरी अयोध्या में 500 सालों के बाद 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा बाद अब रामनगरी में रामनवमी की तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही है। इस बार रामनवमी में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो, राम मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन इसका विशेष ध्यान दे रहा है।रामनवमी में रामनगरी में देश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा दूसरे देशों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसी बीच विदेशों में बढ़ते कोरोना के मामले ने प्रशासन के कान खड़े कर दिए हैं। विदेशी श्रद्धालुओं के लिए रामनगरी में खास इंतजाम किया गया है। कोरोना के बढ़ते हुए मामलों से बचने के लिए रोकथाम के सारे उपाय किए जा रहे हैं।रामनवमी के दौरान रामनगरी में कोरोना के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। किसी भी श्रध्दालु को कोई असुविधा न हो, इसको लेकर अस्पतालों में भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।देश के अलावा विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रामनगरी के अस्पतालों में विशेष क्वारंटाइन वार्ड बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि रामनवमी में आने वाले लाखों की संख्या में भीड़ को देखते हुए कोविड-19 से निपटने के लिए जिला अस्पताल में 4 विशेष क्वारंटाइन वार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को रामनवमी है। इस दौरान अगर किसी भी इंसान में कोरोना के लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें क्वारंटाइन वार्ड में 14 दिन तक रहना होगा।

## पीएम ने कहा - एलन मस्क मोदी के समर्थक हैं यह एक बात है, लेकिन मूल रूप से वह भारत के समर्थक हैं



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। वहीं, पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि एलन मस्क भारत के समर्थक हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने ट्वीट कर इसका खुलासा किया था। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। वहीं, इस मुद्दे पर पीएम मोदी की टिप्पणी से इस चर्चा को बल मिलता है। पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि एलन मस्क भारत के समर्थक हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या हम भारत में टेस्ला कारें, स्टारलिंक देख सकते हैं, पीएम मोदी ने कहा, "एलन मस्क मोदी के समर्थक हैं यह एक बात है, लेकिन मूल रूप से वह भारत के समर्थक हैं।"



## गीता कोड़ा ने JMM कार्यकर्ताओं पर बंधक बनाने का लगाया आरोप, मामला दर्ज



**सवांददाता, सिंहभूम**

झारखंड के सरायकेला जिले में सिंहभूम लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा. सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत तिलका मांझी चौक से मोहनपुर गांव के बीच सांसद सह बीजेपी प्रत्याशी गीता कोड़ा का जमकर विरोध हुआ. वहीं बीजेपी नेता गणेश महाली की ओर ग्रामीण पर हमला करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ है.ग्रामीणों ने गीता कोड़ा वापस जाओ के नारे लगाए. वहीं मुर्गाघुट्टू के तिलका चौक के पास ग्रामीणों और भाजपाइयों के बीच अनबन हो गई, जिसमें ग्रामीणों पर बीजेपी नेता की ओर से धक्का-मुक्की और मारपीट की गई, जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है. वहीं उनके पारंपरिक औजार तीर कमान को भी छीन कर तोड़ दिया गया, जिसका विरोध उन्होंने मोहनपुर गांव पहुंचने पर गीता कोड़ा को झेलना पड़ा.

### तीर कमान हथियार नहीं पारंपरिक औजार है

ग्रामीणों पर हमले का आरोप लगने पर उन्होंने कहा कि उनका तीर कमान हथियार का रूपक नहीं बल्कि पारंपरिक औजार है. जहां भगवान बिरसा मुंडा, शहीद चांद भैरव, सिद्धो कानो, बाबा तिलका मांझी सभी के हाथों में ये दिखाई देता है. यह हमला उनके हथियार को तोड़ने के लिए नहीं बल्कि उनकी परंपरा को तोड़ने के लिए किया गया है. ग्रामीणों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसका प्रत्याशी उनकी नजरों से अब गिर चुका है. वहीं उन्होंने मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी उन्हें तीर कमान उपलब्ध कराए और उनसे क्षमा मांगे.

### घंटों तक बीजेपी प्रत्याशी को बनाया बंधक

कई घंटे तक सांसद गीता कोड़ा को बंधक बनाए जाने के बाद अंत में एक प्रखंड स्तर के नेता के द्वारा विरोध कर रहे ग्रामीणों को गले लगाते हुए एवं क्षमा मांगते हुए वीडियो वायरल हुआ है. इसके बाद ग्रामीणों ने सांसद गीता कोड़ा को मौके से जाने दिया. वहीं पूरे मामले में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई. भीड़ से बाहर निकलने के बाद सांसद गीता कोड़ा अपने पति पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ गम्हरिया थाने में पहुंचीं. जहां उन्होंने ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया.

## एक आंगन से निकली बेटी की डोली और पिता की अर्थी, गांव में पसरा मातम



**सवांददाता, धनबाद**

झारखंड के धनबाद में एक ऐसी घटना घटी की हर किसी की आंख नम हो गई। यहां एक साथ पिता की अर्थी निकली तो बेटी की डोली उठी, जिसे देख हर किसी की आंखे नम हो गईं। मामला गोमो के जीतपुर गांव का है। यहां बेटी ममता कुमारी की शादी हुई तो वहीं पिता छत्रधारी ऊर्फ अस्पताली महतो की अर्थी निकली। घटना के बाद गांव में मातम है। बताया जा रहा है कि एक सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान छत्रधारी महतो की मौत हो गई। इसके बाद बेटी ममता कुमारी की शादी आनन-फानन में कराई गई।

### कैसे हुई घटना

घटना के संबंध में बताया जाता है कि झारखंड आंदोलनकारी पुनीत महतो का बेटा छत्रधारी महतो शनिवार को इसरी हटिया बाजार में बाइक से बकरा लेने गया था। बकरा लेकर वापस आ रहा था। रास्ते में बकरे के गले से बंधी रस्सी सड़क पर लटक रही थी। रस्सी को लटकता देख एक ऑटो वाले ने छत्रधारी को इसके बारे में बताया। इस पर चलती बाइक पर ही छत्रधारी बकरे की रस्सी को ठीक करने लगा। इसी दौरान उनका बाइक से नियंत्रण खो गया और सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी में जा टकराया। हादसे में छत्रधारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में डुमरी अस्पताल ले जाया गया। यहां से बाद में धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स में रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 19 अप्रैल को होनी थी ममता की शादी

इधर मृतक की बेटी ममता कुमारी का विवाह 19 अप्रैल को चिंचाकी के खूंटा निवासी कुलदीप महतो के बेटे अजीत महतो के साथ तय हुई थी। लेकिन छत्रधारी महतो के आकस्मिक मृत्यु की सूचना पर ममता का विवाह आनन-फानन में जीतपुर स्थित शिव मंदिर में कर दिया गया। वहीं मृतक का शव जीतपुर आवास आते ही पूरे गांव में मातम परस गया। घरवालों के रोने की आवाज से ग्रामीणों की आंखे नम हो गईं। मृतक का अंतिम संस्कार जीतपुर के जमुनिया नदी घाट पर किया गया।

## लातेहार के बालूमाथ छेत्र मिशन स्कूल के पास पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत




**सवांददाता, लातेहार**

लातेहार जिले के बालूमाथ-चंदवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास आज सोमवार की सुबह करीब 4:00 बजे पिकप वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. जबकि दो अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गए. मृतक युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र की बसिया पंचायत अंतर्गत पाहन टोला निवासी जगतलाल गंझू के इकलौते पुत्र जितेंद्र गंझु के रूप में हुई है. जबकि घायलों में इसी टोला के निवासी चलितर गंझू के पुत्र धनराज गंझु एवं कालेश्वर गुंझू के पुत्र अर्जुन गंझू शामिल है. जिनका इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में इलाज की जा रही है. हालांकि मृतक जितेंद्र गंझू को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में थाना पुलिस द्वारा लाया गया.लातेहार जिला के बालूमाथ-चंदवा मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास आज सोमवार की सुबह करीब 4:00 बजे पिकप वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. जबकि दो अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गए. मृतक युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र की बसिया पंचायत अंतर्गत पाहन टोला निवासी जगतलाल गंझू के इकलौते पुत्र जितेंद्र गंझु के रूप में हुई है. जबकि घायलों में इसी टोला के निवासी चलितर गंझू के पुत्र धनराज गंझु एवं कालेश्वर गुंझू के पुत्र अर्जुन गंझू शामिल है. जिनका इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में इलाज की जा रही है. हालांकि मृतक जितेंद्र गंझू को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में थाना पुलिस द्वारा लाया गया.

## राजधानी रांची में दिनदहाड़े जमीन कारोबारी से 4 लाख रुपए और सोने की चेन लूट कर भागे अपराधी



**सवांददाता, रांची**

राजधानी रांची में उग्रवादियों ने रातु थाना क्षेत्र में एक जमीन कारोबारी से चार लाख और सोने की चेन की लूट ली। जमीन कारोबारी संतोष कुमार दुबे से यह लूट रातु थाना क्षेत्र के बेलांगी इलाके में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष दुबे अपनी एक्यूवी गाड़ी से ग्राहक को जमीन दिखाकर लौट रहे थे। इसी दौरान रातु थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के निकट अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया।

### चार टीपीसी उग्रवादियों को चतरा से किया गिरफ्तार

इधर, झारखंड पुलिस ने चतरा से चार टीपीसी उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी संगठन में नए लोग को जोड़ शीर्ष नेतृत्व और अन्य छद्म नाम पर लेवी मंगवाने का काम करते है। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिले के टंडवा, पिपरवार, रांची के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू और रातु थाना क्षेत्र में खनन और विकास कार्यो से जुड़े व्यवसायियों और ठेकेदारों से रंगदारी मांगनते थे।

### चारों आरोपी टंडवा और पिपरवार के रहने वाले हैं

पुलिस को पूछताछ में जानकारी मिली है कि हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवा में आगजनी और जामडीह गांव में श्री इंटरप्राइजेज कंपनी के हाईवा वाहन में आगजनी की घटना में ये लोग शामिल थे। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफ उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में की गई है। चारों आरोपी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## झारखंड में कांग्रेस ने 4 सीटों पर फाइनल किए प्रत्याशियों के नाम, इन्हें मिल सकता है मौका



**सवांददाता, रांची**

इस वक्त कांग्रेस खेमे से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने झारखंड में अपने 4 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं. सूत्रों के अनुसार रांची लोकसभा से बन्ना गुप्ता( स्वास्थ्य मंत्री ) टिकट की रेस में आगे चल रहे हैं. वहीं चतरा से केएन त्रिपाठी को टिकट मिलने की जानकारी मिल रही है. इसके अलावा धनबाद लोकसभा सीट से अनुपमा सिंह टिकट की रेस में आगे चल रही हैं. वहीं गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह या प्रदीप यादव में से कोई एक नाम पर मुहर लगने की जानकारी मिल रही है. जानकारी के अनुसार दोपहर इन नामों पर घोषणा संभव है. बता दें, कांग्रेस ने खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग से जेपी पटेल को लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाने की घोषणा पहले ही कर दी थी. वहीं आज रांची, चतरा, गोड्डा और धनबाद सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी. सूत्रों के अनुसार कांग्रेस पार्टी के अंदर इन चारों सीटों को लेकर उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बन गयी है. अब ऐसे में कुछ घंटे बाद पार्टी की ओर से इसको लेकर आधिकारिक रूप से घोषणा भी कर दी जाएगी.




## रांची में छठ पूजा में अर्घ्य देने जा रहे 3 लोगों की सड़क हादसे में मौत



**सवांददाता, रांची**

रांची के रातु थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दो महिलाएं और एक बच्ची की मौत हो गई। इस हादसे में आठ अन्य लोग घायल हो गए। इनमें से दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पिकअप वैन चालक का परिवार हादसे का हुआ शिकार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चैती छठ के मौके पर कुछ श्रद्धालु पिकअप वैन से रातु तालाब के पास अर्घ्य देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान चालक की आंख झपकने से गाड़ी डिवाडर से टकरा गई और पिकअप वैन में सवार श्रद्धालु सड़क के दूसरी ओर जा गिरे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने तीन श्रद्धालुओं को रौंद दिया। जिसकी वजह से तीनों की मौत हो गई। पिकअप वैन चलाने वाले ड्राइवर का ही परिवार गाड़ी में सवार था।

### हादसे के बाद घटनास्थल पर मच गई चीख पुकार

बताया गया है कि पिकअप वैन पर सवार लोग रातू के चटकपुर गांव के निवासी थे। चैती छठ के तहत उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रातु तालाब जा रहे थे। इसी बीच काठीटांड़ में शिव मंदिर के पास हादसा हो गया। इस हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल भेजा।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पूजा समिति व अखाड़ों के सचिव एवं सदस्यों के साथ की बैठक



## जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है,कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे एमसीसी का उल्लंघन हो: उपायुक्त

**हज़ारीबाग :** डैली खबर 99 ,उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को एसपी आवासीय परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर विभिन्न अखाड़ा समिति के सचिव व सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। बैठक मे उपायुक्त ने उपस्थित अखाड़ा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष सभी आखाड़ो के सदस्यों ने प्रशासन से बेहतर सहयोग व समन्वय के साथ रामनवमी पर्व को संपन्न कराया था। इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखी जा रही है। उन्होंने कहा लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है इसलिए कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उपायुक्त ने हर पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनाए। हजारीबाग की प्रसिद्ध रामनवमी के जुलूस निकालने  के प्रशासनिक तैयारियों को उपायुक्त ने विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीँ निःशुल्क शौचालय संचालित रहेंगे। महिलाओं के लिए भी अस्थाई शौचालय संचालित रहेंगे। वहीं अस्थाई मेडिकल केन्द्र लगाए जा रहे है। सभी सुविधाएं 24x7 रामनवमी जुलुस के दौरान आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगें। सभी अखाड़ों की नंबरिंग थानावार की जाएगी उसी क्रम में जुलूस को पास कराया जाएगा। जुलूस के सुगम संचालन के लिए जगह जगह पर मजबूत बैरिकेडिंग/ड्रॉप गेट लगाए जा रहे हैं,साथ ही हर गतिविधियों पर सीसीटीवी/ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूजा समिति अपनी परंपरागत विधि-विधान से पूजा मनाएं लेकिन दूसरे की भावनाएं आहत ना हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के डीजे के बजाने पर रोक है। उन्होंने कहा कि अपने शहर और जिला की गरिमा को बरकरार रखना आप की भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है।

## सभी समितियों ने सरकार व प्रशासन को सहयोग करने का दिलाया भरोसा

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने भी पूजा समितियों के सदस्यों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखे,निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकाले। प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन करें एवं जिम्मेवारी के साथ अखाड़ा समिति के सदस्य जुलूस के सुगम संचालन के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त किए जायेंगे।उन्होंने बल देते हुए कहा कि कई मामलों में अखाड़े आपस में छोटे- मोटे कारणों से विवाद पर उतारू हो जाते हैं ऐसे मामलों पर प्रशासन सख्ती के साथ कारवाई करेगा। जुलूस मार्गो के सड़क किनारे रखे भवन निर्माण की सामग्री यथा ईट,पत्थर, बालू,गिट्टी आदि को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा सभी प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना व जानकारी के लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला नियंत्रण कक्ष 24x7 उपलब्ध है। सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान न दें।बैठक में विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन बिजली के झूलते तारों,पानी,प्रकाश की व्यवस्था आदि को दुरुस्त करने का अनुरोध किया। अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अखाड़ा समितियों के सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं जिला प्रशासन के दिशानिर्देशों के अनुरूप मनाने की अपील की।इस मौके अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, एसडीओ शैलेश कुमार, सदर अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक,सभी थाना प्रभारी,महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव,विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

# टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने राम भक्तों को किया सम्मानित



बरही (हजारीबाग): बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही महावीर स्थान मंदिर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष बीरबल साहू व संचालन उदय साहू ने किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू उपस्थित हुए, उन्होंने पूजा समिति के पदाधिकारी को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। मौके पर कहा कि भगवान राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मानना है। वही शोभा यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए आप लोग तत्पर रहेंगे, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के बताए हुए मार्गो पर चलकर हम लोगों को आगे बढ़ाना है। मौके पर ग्राम अध्यक्ष राजदेव साहू, पूजा समिति के अध्यक्ष बीरबल साहू, महासचिव रामअवतार साहू, उपाध्यक्ष उपेंद्र साहू व सिकंदर कुमार, कोषाध्यक्ष चौरंगी लाल गुप्ता व कृष्ण कुमार, सचिव बिरेंद्र साहू व उदय साहू, सरंक्षक जीबालाल साहू, रोहित साहू, टेककलाल साहू, महेंद्र साहू, विजय साहू, देवराज कुमार, नौरंगी कुमार, बीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, ओजिर साहू, बिनोद कुमार, गोलू कुमार आदि रामभक्त मौजूद थे।



## बिजली तार गिरने से जले सैकड़ो पेड़,मुआवजे की मांग



**सवांददाता, विष्णुगढ़**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा ग्राम पांडेडीह के खुशीलाल साव बिजली विभाग को आवेदन देकर बिजली तार गिरने से हुई क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही बिजली की तार बार बार न गिरे ऐसी सुरक्षा की भी मांग की गई है। सरिया फ़ीटर के ग्यारह हजार केवी पावर स्टेशन और ट्यूबवेलों के लिए खींची गई लाइन के जर्ज़र होने का दंड किसानो को भोगना पड़ रहा है। तेज हवा के जलते कभी वह आपस मे टकराकर टूट जाते है तो कभी जर्ज़र होने के कारण टूटकर बागानों को जला डालता है । हाल ही मे जर्ज़र लाइन के कारण सैकड़ों फलों के पेड़ों को जला डाला। किसान आज उस पेड़ों को राख के ढ़ेर मे बदला देख सिसकियां भरने को मजबूर है।

## उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ चैती छठ का समापन



**सवांददाता, विष्णुगढ़**

**विष्णुगढ़** । विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के छठ घाटों पर सोमवार को छठवर्तियों के द्वारा उदयीमान नेसूर्य को अर्घ्य देकर अपने और परिवार के लिए सुख शांति की कामना किया। छठवर्ती अपने अपने घरों से सीर पर दौउरा लेकर सुबह में छठ घाट पहुंचे उसके पीछे-पीछे परिवार तथा मोहल्ले की महिलाएं और बेटियां छठ गीत गाकर चल रही थी। छठ घाट में समाजसेवियों के द्वारा फल दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव , विजय कुमार, युगल पांडेय, उमेश पांडेय, अंजू देवी, खुशबू कुमारी समेत कई समाज सेवी लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन टोला में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन टोला एवं चेड़रा पंचायत के अम्बेडकर चौक में डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विष्णुगढ़ पंचायत के नीचे हरिजन टोला में डॉ० भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर बड़ी संख्या में महिला पुरुष अपने माथे में नीली पट्टी बंधाकर रैली निकाली। वही चेडरा पंचायत के अम्बेडकर चौक में डॉ० भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर पंचायत चेड़रा समिति सदस्य मुन्नी देवी ने पुष्प अर्पित कर माला अर्पण कर नमन किया। इस दौरान सभी डॉ० भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पर विष्णुगढ़ पंचायत मुखिया पूनम कुमारी दास, पंचायत चेड़रा समिति सदस्य मुन्नी देवी, खोललाल राम, सुधीर राम, रोहित राम, सुरेश राम, अनिल राम, बबलू राम, रिंकू राम, उमेश राम, विशाल कुमार, शिवा कुमार, शंकर कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, बलदेव राम, रविंद्र राम, राजन कुमार, गणेश कुमार, सागर कुमार, सानू कुमार समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

# जन आशीर्वाद यात्रा के तहत चौपारण पहुंचे सांसद प्रत्याशी संजय मेहता



राजनीति के क्षेत्र में नए लेकिन गहरे पाँव जमा चुके युवा राजनीतिज्ञ संजय कुमार मेहता ने सोमवार को चौपारण प्रखंड का दौरा किया। अपने जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लोगों से स्नेह और आशीष प्राप्त किया। चौपारण के अलग अलग पंचायत में जाकर उन्होंने लोगों के समक्ष अपनी बातों को रखा। अपने संबोधन में उन्होंने हज़ारीबाग लोकसभा वासियों को कहा कि हज़ारीबाग के साथ किए गए छल को नही भुला जाएगा। जिस तरह से हज़ारीबाग के साथ विभिन्न पार्टियों ने पिछले 70 साल से छल किया है अब वो आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनसंपर्क एवं यात्राओं के माध्यम से हज़ारीबाग क्षेत्र वासियों से उन्हें गहरा जुड़ाव हो गया है। उन्होंने कहा कि मन बहुत दुःखी होता है जब जनता अपनी समस्याएं बताते हैं। लोग आधारभूत समस्याओं से ही ग्रसित है। लोगों के कीमती वोट को पार्टियां ले तो लेती है लेकिन जो वादे आम जनता से करती है वो जितने के अगले दिन ही भूल जाती है। उनके वादे भुलने का नतीजा ये हुआ कि हज़ारीबाग विकास की दौड़ तो छोड़िए आधारभूत आवश्यकताओं की दौड़ में भी पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनभावनाओं को समझते भुझते चुनावी राजनीति को चुना तो नही लगा था कि ऐसे मेरे कदम मजबूत करने के लिए युवा सहित हर वर्ग साथ हो चलेगा। लेकिन जैसा सहयोग मुझे मिल रहा है, मुझे पूरा यकीन है कि हज़ारीबाग इसबार लोकसभा में अपने हित में वोट करेगा अपने लिए वोट करेगा। मुझे आप सब मौका दीजिये हज़ारीबाग को अव्वल बनाएंगे और अपनी माटी का खोया हुआ गौरव लौटाएंगे।इस दौरान संजय मेहता ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देकर समर्थन देने का अपील किया

## पंचायत पाण्डेबारा के ग्राम कमलवार चौक पर झारखंड टेन्ट हाउस का हुआ शुभारम्भ।



चौपारण प्रखंड के ग्राम कमलवार चौक पर झारखण्ड टेन्ट हाउस का उद्घाटन मौलाना सत्तार एवं प स स प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया।टेन्ट दुकान संचालक मोहम्मद अब्दुल ने कहा खुलने से लोगों को शादी पार्टी वगैरह में साहूलित मिलेगा इस औसर मुख्य रूप से पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह, कमलवार सदर मोईन उद्दीन,समाज सेवी ज़ुबैर अहमद, हैदर अली, शमशाद आलम, जमीर हुसैन, अफरोज आलम, टिंकू आलम, सहित कई लोग उपस्थित हुए।

# जदयू ने राजद और कांग्रेस पर साधा निशाना, राष्ट्रीय जनता दल को बताया झूठ बोलने वाली पार्टी




**सवांददाता, पटना**

Bihar : झूठ बोलने की भी एक सीमा होती है और यह लोग झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। इनका एक भी सांसद नहीं है और एक करोड़ रोजगार देने का झूठा वादा कर रहे हैं। अब जनता समझ चुकी है कि ऐसे लोगों को इस बार भी सबक सिखाएगी। जनता दल यूनाइटेड ने राजद और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि यह लोग सिर्फ झूठ बोलने वाले लोग हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इस कारण येलोग झूठ बोलते हैं, वही कांग्रेस के प्रत्याशी अब तक 6 सीट पर भी दावेदारी नहीं की, इसलिए येलोग मैदान में नही आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसका एक सांसद और सरकार नहीं हो वे लोग रोजगार देने की बात करते हैं यह कितना हास्यास्पद है।

## तेजस्वी यादव पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सोमवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। वहां उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि झूठ बोलने का भी एक लिमिट होता है और यह लोग झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनका एक भी सांसद नहीं है और वह एक करोड़ रोजगार देने का झूठा वादा कर रहे हैं। अब जनता समझ चुकी है कि ऐसे लोगों को इस बार भी जनता चुनाव में सबक सिखाएगी और वर्ष 2019 की तरह बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार की 40 सीटों पर हम लोग जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर की दोनो ही सीट पर हम चुनाव जीतने जा रहे हैं और इसका आगाज दिख रहा है।

# बहन की शादी के लिए मैरिज हॉल बुक कर लौट रहे थे 2 भाई, सड़क दुर्घटना में हुई दोनों की मौत



बिहार के कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के गोबरछ गांव के पास ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें 2 भाइयों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों अपनी बहन की शादी के लिए मैरिज हॉल बुक कराकर वापस घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। आने वाले 23 अप्रैल को उनकी बहन की शादी होनी थी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## शादी की खुशियां मातम में बदली

दोनों मृत युवकों की पहचान परमालपुर गांव निवासी अवधेश सिंह के 21 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार और राजू सिंह के 20 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार उर्फ छोटू के रूप में की गई है। दोनों मृतक चचेरे भाई थे जो बहन की शादी के लिए मैरिज हॉल बुक कराने के लिए भभुआ शहर आए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया गया है।

# तेजस्वी बोले- झूठ बोलने वालों के सरदार हैं पीएम मोदी, गोबर से भी हलवा बना देंगे



**सवांददाता, पटना**

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि चाचा अगर पलटी नहीं मारते तो अभी तक युवाओं को 10 लाख नौकरियां मिल जाती। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोमवार को स्थानीय जेएनकेटी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी और श्याम रजक भी मौजूद थे। तेजस्वी ने सबसे पहले खगड़िया में लोगों को संबोधित किया और राजद उम्मीदवार को लोकसभा पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक तरफ आपके पास लोकल उम्मीदवार है, वहीं दूसरी तरफ एनडीए ने हवा हवाई उम्मीदवार को लाया है। इसलिए इंडिया गठबंधन के सीपीआईएम उम्मीदवार को वोट दीजिये। वहीं एनडीए प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए तेजस्वी ने कहा कि जो बैंकॉक घूमते हैं उनको वोट नहीं दीजिए नहीं तो आपको बाद में ढूंढना पड़ेगा।

## मोदी जी गोबर से बनाते हैं हलवा

तेजस्वी यादव ने अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोलने वालों के सरदार हैं। वह अगर चाहें तो गोबर से भी हलवा बना देंगे। तेजस्वी ने लोगों से अपील कर कहा कि जनता इस बार प्रधानमंत्री के झांसे में ना पड़े। लोगों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट करने की बात कही।

## चाचा पलटी नहीं लेते तो मिल जाती 10 लाख नौकरियां

वहीं तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि चाचा अगर पलटी नहीं मारते तो अभी तक युवाओं को 10 लाख नौकरियां मिल जाती। चाचा पहले भाजपा को छोड़कर आए और लालू यादव से माफी मांगा। इसके बाद उनको मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन उनकी फितरत में ही पलटी मारना लिखा है।

## इजराइल पर ईरान के हमलों के बाद एक्शन में अमेरिका, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने उठाया बड़ा कदम



ईरान की तरफ से अमेरिका पर किए गए हमलों के बाद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। इजराइल ने भी ईरान को जवाब देने की ठान ली है जिससे दुनिया के तमाम मुल्कों की टेंशन बढ़ गई है। इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइल पर ईरान के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संकट पैदा होने की आशंका के बीच जॉर्डन, सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के समकक्षों से बातचीत की है। विदेश मंत्री ब्लिंकन के अलावा अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी सऊदी अरब और इजराइल के रक्षा मंत्रियों से बात की है।

### ईरान ने किया हमला

ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी, जिन्हें इजराइली, अमेरिकी और उसके सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही हवा में मार गिराया। ईरान ने इन हमलों को सीरिया में उसके वाणिज्य दूतावास पर एक अप्रैल को किए गए हमले का जवाब बताया है।

### एक्टिव है अमेरिका

ईरान और इजराइल के बीच जंग की बढ़ती आशंका के बीच अमेरिका भी एक्टिव है और राष्ट्रपति जो बाइडन के G7 देशों के नेताओं से बात की है। बाइडन की अन्य नेताओं से बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की है। बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में और तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया साथ ही इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।

## सिडनी में एक बार फिर चाकूबाजी, चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान शख्स ने बिशप को चाकू से मारा




सिडनी: ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इस बार सिडनी के चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान एक शख्स ने बिशप पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए हैं। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक शख्स प्रार्थना के दौरान ही बिशप पर चाकू से हमला करता नजर आता है। इस हमले में बिशप समेत कई अन्य लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाकूबाजी की घटना को लेकर सिडनी के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। चाकूबाजी की इस घटना में चार और लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में वो लोग शामिल हैं जो पादरी को बचा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बिशप मार मारी इमैनुएल वेकले में क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में सामूहिक प्रार्थना कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और उनपर चाकू कई बार वार किया। बिशप ने कोविड महामारी के दौरान काफी नाम कमाया था।

## कुमारस्वामी के इस बयान से खफा हुई कांग्रेस, गिरफ्तारी की मांग करते हुए खटखटाया चुनाव आयोग का दरवाजा




कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में केपीसीसी ने आरोप लगाया कि कुमारस्वामी का यह बयान ग्रामीण महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। कुमारस्वामी ने सभी 28 संसदीय क्षेत्रों के पुरुष मतदाताओं को लुभाने के लिए यह बयान दिया था। लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस ने आयोग से जद(एस) नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जेडीएस कर्नाटक अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी की टिप्पणी से खफा है। दरअसल, शनिवार को तुमकुरु में एक रोड शो उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की पांच गारंटी योजनाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं रास्ता भटक गई हैं।

### केपीसीसी ने पत्र में चुनाव आयोग से की यह शिकायत

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में केपीसीसी ने आरोप लगाया कि कुमारस्वामी का यह बयान ग्रामीण महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। कुमारस्वामी ने सभी 28 संसदीय क्षेत्रों के पुरुष मतदाताओं को लुभाने के लिए यह बयान दिया था। पत्र में केपीसीसी ने आगे कहा कि कुमारस्वामी राज्य में भाजपा-जेडीएस की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं। कांग्रेस की पांच गारंटियों से ग्रामीण महिलाएं काफी सशक्त हुईं हैं और अधिकांश महिला मतदाता वोट देने में रुचि दिखा रही हैं। कुमारस्वामी का यह बयान आदर्श आचार सहिंता के प्रावधानों सहित अन्य अधिनियमों का स्पष्ट उल्लंघन करता है। केपीसीसी ने मांग की है कि आयोग उनके बयान पर संज्ञान ले और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# 'थलाइवर 171' में अदाकारी का जलवा बिखेरेंगी श्रुति हासन! रजनीकांत की फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा



## 'थलाइवर 171

साउथ के सफल निर्देशक और निर्माता लोकेश कनगराज इन दिनों सुपरस्टार रजनीकांत के साथ अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थाई शीर्षक 'थलाइवर 171' है। इस फिल्म की घोषणा पिछले साल की गई थी। समय-समय पर लोकेश फिल्म से जुड़ी जानकारियां फैंस के साथ साझा करते रहते हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। अब वे जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। वहीं, अब फिल्म के कलाकार को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

## फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा

फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा है कि अभिनेत्री श्रुति हासन और अभिनेता सत्यराज फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि इन खबरों में सच्चाई होगी और श्रुति फिल्म में शामिल होंगी तो यह पहली बार होगा जब श्रुति और रजनीकांत साथ में स्क्रीन साझा करेंगे।




इससे पहले लोकेश कनगराज ने 'थलाइवर 171' से रजनीकांत का पहला लुक जारी किया था, जिसमें रजनीकांत को अलग अवतार में देखा गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'थलाइवर 171' ड्रग्स के इर्द-गिर्द नहीं घूमेगी।

# दीपिका से करीना तक, सिजलिंग आइटम सॉन्ग करके इन टॉप ऐक्ट्रेसेज ने खूब बटोरी सुर्खियां

## हर फिल्म को हिट बनाने के लिए उसमें एक आइटम सॉन्ग जरूर होता है

हर फिल्म को हिट बनाने के लिए उसमें एक आइटम सॉन्ग जरूर होता है। वैसे तो पहले की फिल्मों में आइटम सॉन्ग पर डांस करने के लिए अलग से अभिनेत्रियां या मॉडल्स होती थीं। जो केवल फिल्मों में आइटम सॉन्ग को परफॉर्म करने के लिए ही होती थीं। लेकिन अब कुछ एक्ट्रेसेज ने बॉलीवुड के इस चलन को तोड़ दिया है। ये एक्ट्रेसेज न सिर्फ अपनी एक्टिंग से बल्कि अपने डांस से भी लोगों का दिल जीत लेती हैं। इनमें से कई एक्ट्रेसेज तो ऐसी भी हैं, जिन्होंने फिल्मों में सिजलिंग आइटम सॉन्ग पर डांस करके खूब सुर्खियां बटोरी हैं। देखिए कौन-कौन हैं इस लिस्ट में शामिल।




## करीना कपूर खान

सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की बेबो यानी की करीना कपूर खान की। करीना ने वैसे तो कई गानों पर डांस कर लोगों को अपने लटके-झटकों से दीवाना बनाया है। लेकिन फिल्म 'दबंग 2' के आइटम सॉन्ग स 'फेविकोल से...' में उन्होंने अपने डांस से लोगों के होश उड़ा दिए थे। इसके अलावा करीना का गाना 'मेरा नाम मैरी है' भी काफी पसंद भी किया गया था।


ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.
Domino's Pizza


Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss


ANITA
Sarees
SAREES
LEHENGA
KURTIS
SALWAR SUITS
SUIT PIECES
DULHAN CHUNNI
Rangrej Gali (Dinbandhu Lane),
Upper Bazar, Ranchi-1


MARKSMEN DAILY
MOST TRUSTED BRANDS OF INDIA
4TH EDITION
2024 - 2025
NO SCARS
NO SCARS
NOURISHMENT OF
NEEM & ALOE VERA
NO SCARS


T SHIRT
299
149
TOP
399
299
DRESS
799
499
zudio
SALE
599
299
SHIRT
799
499
T SHIRT
299
149


SALE!
ABHI IT
SERVICES
50% OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी
तरह की वेबसाइट बनाने के
लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी ने जीता टॉस, पहले गेंदबाजी का फैसला



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। आरसीबी ने इस मैच के लिए गलेन मैक्सवेल को आराम दिया है, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं हैं । मैक्सवेल पिछले मैच में चोटिल हो गए थे और उनका पहले से ही इस मैच में खेलना तय नहीं माना जा रहा था। आरसीबी के लिए लॉकी फर्ग्यूसन इस मैच में खेलेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने अब तक पांच में से तीन मैच जीते हैं और उसके छह अंक हैं। वहीं, बेंगलुरु ने छह में से पांच मैच गंवाए हैं और सिर्फ एक में जीत मिली है। आरसीबी के दो अंक हैं। टीम न्यूज की बात करें तो आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल को पिछले मैच में फील्डिंग करते हुए अंगुली में चोट लगी थी। हालांकि, चोट गंभीर नहीं है, लेकिन उनकी फॉर्म भी चिंता का विषय है। ऐसे में मैक्सवेल की जगह कैमरन ग्रीन को खेलने का मौका मिल सकता है। वहीं, हैदराबाद के लिए अच्छी खबर यह है कि मयंक अग्रवाल फिट हो चुके हैं और टीम के साथ प्रैक्टिस भी की। ऐसे में वह जरूरत पड़ने पर इम्पैक्ट सब के तौर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं।

## क्रिस गेल से लेकर रोहित शर्मा तक, इन बैटर्स ने टी20 क्रिकेट में जड़े सबसे ज्यादा छक्के



क्रिकेट के मैदान पर बल्लेबाजों को लंबे-लंबे छक्के जड़ते हुए देखने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। बिना चौके-छक्कों के क्रिकेट के खेल में कोई मजा नहीं। इस वक्त आईपीएल *2024* का जादू फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। हाल ही में मुंबई इंडियंस के बैटर रोहित शर्मा ने वानखेड़े में सीएसके के खिलाफ खेले गए मैच में छक्कों को लेकर ही एक बड़ा मुकाम हासिल किया। रोहित शर्मा टी*20* क्रिकेट में *500* छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बैटर बन गए हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं रोहित शर्मा के अलावा टी*20* क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बैटर्स की लिस्ट।

## T20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बैटर्स

***1.* क्रिस गेल *(*वेस्टइंडीज*)***
वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के ओपनर क्रिस गेल का नाम लिस्ट में सबसे टॉप पर हैं। क्रिस गेल ने टी*20* क्रिकेट में *463* मैचों में कुल *1056* छक्के जड़े हैं।

***2.* किरोन पोलार्ड *(*वेस्टइंडीज*)***
क्रिस गेल के साथी खिलाड़ी किरोन पोलार्ड का नाम लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। पोलार्ड के नाम टी*20* क्रिकेट में *660* मैचों में *860* छक्के जड़ने का रिकॉर्ड हैं।

***3.* आंद्रे रसेल *(*वेस्टइंडीज*)***
तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का नाम हैं, जो मौजूदा आईपीएल सीजन में केकेआर टीम का हिस्सा है। रसेल ने *487* मैचों में *678* छक्के जड़ दिए हैं।

***4.* कॉलिन मुनरो *(*न्यूजीलैंड*)***
चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कॉलिन मुनरो का नाम हैं, जिन्होंने टी*20* क्रिकेट करियर में कुल *428* मैचों में *548* छक्के जड़े हैं।

